मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-207
23/05/2022

मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान 2022 का किया शुभारंभ

पटना, 23 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' के सामने बने मंच से खरीफ महाभियान 2022 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान के तहत सूक्ष्म सिंचाई जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर जिलों के लिये रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'सूक्ष्म सिंचाई योजना' पुस्तिका का विमोचन किया।

इन जागरूकता रथों के माध्यम से किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी, खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता, मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रम से संबंधित जानकारी, जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन तथा विशेष दलहन एवं तेलहन बीज वितरण कार्यक्रम का भी प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, कृषि मंत्री श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् जातीय जनगणना से संबंधित पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से ही जातीय जनगणना कराना चाहते हैं। इस बार सभी पार्टियों की बैठक करके और निर्णय लेकर कैबिनेट के माध्यम से इसको स्वीकृत किया जायेगा और इस पर काम शुरू किया जायेगा, यही इसका तरीका है। इसको लेकर सभी दल के लोगों के साथ चर्चा हो रही है। एक बार मीटिंग हो जायेगी तो अच्छा होगा, मीटिंग में सबकी राय ली जायेगी कि कैसे और बेहतर ढंग से इसे किया जाय। सरकार ने भी इसके लिये पूरी तैयारी की है लेकिन सबकी राय लेने के बाद ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जायेगा। इसके बाद इस पर काम शुरू किया जायेगा। अभी सभी दलों की सहमति नहीं आयी है, सभी की सहमति आने के बाद ही बैठक होगी।

******